राजस्थान सरकार
राजस्व (ग्रुप–6)विभाग

कमांक प.3 (17)राज.6 / 2021 / 69 जयपुर, दिनांक– 18.08.21

अधिसूचना

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 (अधिनियम संख्या 15, वर्ष 1956) की धारा धारा 260 की उप–धारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार राजस्थान तहसीदार सेवा के अधिकारी जिन्हे कलक्टर द्वारां 'प्रशासन गांव के संग अभियान–2021' के लिये नियुक्त किया गया है, के द्वारा राजस्थन भू राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन) नियम, 1970 के नियम 18 के अन्तर्गत तहसीलदार पर अधिरोपित कर्त्तव्यों एवं शक्तियों को उनके क्षेत्राधिकार में प्रयोग करने हेतु एतदद्वारा प्रदत्त की जाती है।

यह अधिसूचना 'प्रशासन गांव के संग अभियान–2021' की अवधि दिनांक 02.10.2021 से 17.12.2021 तक प्रभावशील रहेगी।

राज्यपाल की आज्ञा से,

18/08/2021
(रामचरन शर्मा)
शासन उप सचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री महोदय।
2. विशिष्ठ सहायक, मा0 राजस्व मंत्री महोदय।
3. वरिष्ठ शासन उप सचिव, मुख्य सचिव।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, राजस्व विभाग।
5. समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
6. समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान।
7. निबन्धक, राजस्व मण्डल, अजमेर।
8. आयुक्त, उपनिवेशन विभाग, बीकानेर।
9. सूचना जनसम्पर्क निदेशालय, जयपुर।
10. निदेशक, राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर को अधिसूचना का राजपत्र के विशेषांक दिनांक 18.8.21 में प्रकाशन हेतु।
11. समस्त संयुक्त शासन सचिव / उप शासन सचिव, राजस्व विभाग।
12. रक्षित पत्रावली।

18/08/2021
शासन उप सचिव